## महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद उत्सव आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के क्रीडा विभाग द्वारा वार्षिक खेलकूद उत्सव एथलेटिक मीट आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर बी सिंह के द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया गया एवं सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की सलाह दी गई। वहीं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सतीश दुबे द्वारा खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा इस प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई एवं उनके द्वारा इस प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी सभी खिलाड़ियों को बताई गई इस प्रतियोगिता में 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर ऊंची कूद गोला फेक एवं सौ मीटर रिले का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ 400 मीटर महिला वर्ग से किया गया जिसमें दीपाली लोधी प्रथम, रजनी हरिजन द्वितीय एवं सविता रजक तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे 400 मी पुरुष वर्ग में रहित खान प्रथम संजय कुमार द्वितीय अजय



### विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

नौरिया तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे।

200 मी महिला वर्ग में शिवानी धुर्वे प्रथमए अदिति साहू द्वितीय, रमा भारिया तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहे 200 मी पुरुष वर्ग में दुर्गेश मेहरा प्रथम, सोनू ठाकुर द्वितीय, अभिषेक अहिरवार तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहे 800 मी महिला वर्ग में नेहा वंशकार प्रथमए उमा मल्हा द्वितीयए संजना जाटव तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे । 800 मी पुरुष वर्ग में संजय कुमार प्रथम अभिषेक अहिरवार द्वितीय अजय नौरिया तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहे ऊंची कूद पुरुष वर्ग में रहित खान प्रथम, गोविंद गौड़ द्वितीय संजय यादव तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहे।

ऊंची कूद महिला वर्ग में दीपाली लोधी प्रथम, नेहा वंशकार, द्वितीय एवं अनुराधा राजपूत तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहेगोला फेक पुरुष वर्ग में रहित खान प्रथमए शिवम सिलावट द्वितीय, अजय नौरिया तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहे गोला फेक महिला वर्ग में वंदना यादव प्रथम,दीपाली लोधी द्वितीय अनुराधा राजपूत तृतीय स्थान प्राप्त करने सफल रहे। पुरुष वर्ग में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड रोहित खान को एवं महिला वर्ग में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दीपाली लोधी को दिया गया सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायकों की भूमिका सुनरेश दुबे,अशोक नामदेव, शिवम कटारे, ज्योति धानक, जीजी बाई, अनिकेत साहू राधा नौरिया,प्रगति तिवारी द्वारा निभाई गई।

महाविद्यालय परिवार से डॉ.नमिता साहू, भरत सिंह ठाकुर, महेंद्र कुमार मेहरा, राममनोहर अहिरवार, सतीश कुमार बैस डॉ.नेहा राठौर, डॉ.स्वतंत्र त्रिपाठी, डॉ.अभयराज साहू, संतोष अवस्थी, नीता ढ़ीमोले, शिल्पी तिवारी, रजनी साहू उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यमंत्री ने की जनसुनवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने विधायक निवास में जनसुनवाई आयोजित की। लोगो ने अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से बताया जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए जानकारी लेकर समस्याओं का निदान कराया। जनसुनवाई में लगभग 152 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिनपर संज्ञान लेते हुए उन्हें कार्यवाही हेतु आगे प्रेषित किया गया आमजनों के लिए उपलब्ध रहने वाले पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल द्वारा स्थानीय जनों की जनसमस्या हेतु प्रत्येक गुरुवार जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर से आए लोगों की बात सुन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है जनसुनवाई पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया कि आमजनों के कई ऐसी समस्याए होती है जिनके लिए वह परेशान होते है इसके लिए हम हमेशा तत्पर रहते है लेकिन बहुत लोग ऐसे होते है जो संपर्क नहीं कर पाते उनके लिए इस जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके और मेरा ऐसा मानना है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि का यह कर्तव्य है कि उसके क्षेत्र के आमजनों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े उनकी समस्याओं पर तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए ।



उक्त जनसुनवाई के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारीयो के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत पीतमपुरी ,पूर्व नपा अध्यक्ष राधेश्यामं नेमा ,राजा कौशलेंद्र सिंह बंटी सलूजा सहित अनेक समाजसेवी जनप्रतिनिधि जनो की मौजूदगी रही।

## सार-समाचार

### नगर कलार महिला मंडल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर कलार महिला मंडल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अनोखे अंदाज मे मनाकर धर्म और संस्कृति की मिसाल पेश की। मंडल की पूर्व अध्यक्ष आरती राय के सौजन्य से इस कार्यक्रम को बहुत ही धार्मिक और शानदार तरीके से मनाया गया। मंडल की जितनी बहने, अन्य मंडल की भी जो बहने कुम्भ स्नान कर आई उन सभी का सम्मान कुम्भ मिलन समारोह आयोजित कर किया गया।सबसे पहले सभी बहनो केचरण पखारे,सभी को तिलक लगाकर आसन पर बैठाया।सभी ने गंगाजल से भरे कुम्भ की एवं गंगा मैया की पूजा की।सभी बहनो को पुष्पहार,नारियल,और चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सभी बहनो ने गंगा मैया के भजन गाये।सभी ने कुम्भ यात्रा के मधुर स्मरण सुनाए। इस कार्यक्रम मे मंडल की वरिष्ठ सदस्य गोदावरी राय, जयश्री राय, अर्चना राय, सरिता राय, स्वाति जायसवाल, प्रतिभा राय, मंडल अध्यक्ष प्रीती राय, सचिव दुर्गा राय, रेणु जायसवाल, रिन्की राय, लता राय, रत्ना राय, नेहा राय, कामिनी राय, साधना राय, ज्योत्स्ना राय, रौशनी राय, शचि चौकसे ,मंजु चौकसे,मनीषा राय, रश्मि जाट,सीमा तिवारी,सुनीता श्रीवास्तव, कीर्ति पटैल आदि महिलाओ का भी सम्मान किया गया।सभी को स्वल्पाहार कराया गया। नीशू राय द्वारा उपहार दिए गये। इस सम्मान के लिए सभी के द्वारा आरती राय एवं नीशू राय के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

### शाला में पोषण आहार का वितरण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वीरांगना क्लब ने रानी अवंति प्राथमिक शाला मे पोषण आहार का वितरण किया। संत शिरोमणी आचार्य गुरुवर विधासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर दीप प्रज्वलित कर बच्चो से णमोकार मंत्र का जप कराकर पूर्ण आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र द्वारा प्रदत्त मुख्य मंत्री के आदेशानुसार सभी प्राथमिक शिक्षा केंद्रो पर पोषक आहार का वितरण हो। वीरांगना क्लब की पूर्व अध्यक्ष ली.पूनम जैन ने क्लब के सदस्यो के साथ पोषक आहार के साथ बिस्कुट टाफी का वितरण भी कराया और बच्चों को इस आहार को किस तरह से सेवन करना है बताया सभी बच्चों की वार्षिक परीक्षा शुरु हो गई है,सभी बच्चों को सफलता हासिल हो शुभकामनाए दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, वर्तमान अध्यक्ष सविता महोबिया ,सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया,रेनू नोरिया,प्रीति गोस्वामी, कार्यक्रम संरक्षक एव एरिया एडवाइजर ली रुपकला कटारे एवं पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम आयोजित हआ।

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार व अखिलेश शुक्ला, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 8 मार्च को किया जाना है। उक्त लोक अदालत में न्यायालय के लंबित प्रकरणो के साथ ही बैक, नगरपालिका, बीएसएनएल एवं विद्युत विभाग के प्री-लिटिगेशन प्रकरणो के अधिक से अधिक निराकरण किये जाने के संबंध में आम जनमानस के बीच प्रचार-प्रसार हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रचार प्रसार वाहन के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक, विद्युत विभाग एवं नगरपालिका के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसअवसर पर विशेष न्यायाधीश आलोक मिश्रा, जिला न्यायाधीश अखिलेश धाकड, श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी, नीतिराज सिसोदिया, वैभव सक्सेना, दिनेश मीणा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश सनोडिया, जिला रजिस्ट्रार राधाकृष्ण यादव व अन्य न्यायाधीशगण के साथ ही एसबीआई, विद्युत विभाग व नगर पालिका के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह समारोह शुरू

**गाडरवारा, देशबन्धु।** एनटीपीसी गाडरवारा में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह समारोह का शुभारंभ 4 मार्च 2025 को हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक सुरक्षित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री प्रोबल मंडल (हेड ऑफ प्रोजेक्ट) सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे

समारोह की शुरुआत सुरक्षा ध्वजारोहण से हुई, जिसके पश्चात महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं प्रचालन ) समरेन्द्र कुमार रॉय ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस मौके पर परियोजना प्रमुख प्रोबल मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें और एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करें।

इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ओएंडएम) समरेन्द्र कुमार रॉय, अपर महाप्रबंधक (टीएस), सेट्टी रामकृष्णन कार्तिकेयन,अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा), आलोक रंजन बेहरा, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ) श्री स्नेह कुमार पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सीआईएसएफ के अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर परियोजना प्रमुख प्रोबल मंडल द्वारा सुरक्षा रथ का उद्घाटन किया गया। इस सुरक्षा रथ का उद्देश्य टाउनशिप और प्लांट क्षेत्रों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा




देना है। यह एक बैटरी-संचालित मोबाइल सुरक्षा इकाई है, जिसे कार्यस्थल और सामुदायिक स्थलों तक पहुँचाने के लिए निर्मित किया गया है।

इसके माध्यम से कर्मचारियों, श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा उपायों, दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपातकालीन प्रोटोकॉल के बारे में जागरूक किया जाएगा। सुरक्षा रथ के जरिये सुरक्षा विशेषज्ञ विभिन्न स्थानों पर जाकर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित करेंगे, सुरक्षा सामग्री वितरित करेंगे और प्राथमिक चिकित्सा, अग्नि सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल पर ऑन-साइट प्रदर्शन देंगे।

यह पहल सुरक्षा को केवल एक जागरूकता अभियान तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि इसे एक सक्रिय प्रयास के रूप में स्थापित करेगी, जिससे भविष्य में कार्यस्थल और जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

यह पहल कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने, दुर्घटनाओं को कम करने और कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की भलाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी सुरक्षित कार्य प्रणालियों को अपनाएँ, सतर्क रहें और दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करें।

आइए, आज ही यह संकल्प लें कि हम सुरक्षा को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाएँगे! ?? क्योंकि सुरक्षा सिर्फ एक ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि एक शक्ति है जो हमें निडर और आत्मविश्वासी बनाती है। चाहे हम कार्यस्थल पर हों या घर पर, हर परिस्थिति के लिए तैयार रहकर हम न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समुदाय को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

## निक्षय अभियान के तहत ग्राम केरपानी में नुक्कड़ नाटक का मंचन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सौ दिवसीय निक्षय अभियान के तहत जिले में शिविर लगाकर मजदूरों और आम नागरिकों का ज्यादा से ज्यादा क्षय रोग की स्क्रीनिंग कर संभावित लोगों के खकार के सैंपल एकत्रित किये जा रहे हैं और उनका एक्स- रे भी कराया जा रहा है।

अभियान को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से क्षय उन्मूलन जन जागरूकता के उद्देश्य से करेली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम केरपानी के सब्जी बाजार में ग्रामीणों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीबी से कैसे बचा जाये एवं टीबी के क्या लक्षण है, इसकी जानकारी भी शिविर के दौरान दी गई।

उन्हें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को चलने में सांस भरना, लगातार खांसी आना, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना जैसे टीबी के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए निशुल्क एक्स-रे करवायें। अगर मरीज टीबी पॉजीटिव आता है, तो उसको 6 माह तक दवाई लेना होती है, दवाई में किसी भी दिन का कोई गैप नहीं होना चाहिये। टीबी का मरीज दवाई लेने पर ठीक हो जाता है। टीबी कोई घातक बीमारी नहीं है। अगर जांच में मालूम पड़ जाता है कि किसी व्यक्ति को टीबी है, तो दवाई जरूर लेना चाहिये। दवाई का नियमित उपयोग करने से व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

## जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक दस को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में 14 मार्च को होली एवं 19 मार्च को रंग पंचमी त्यौहार शांति पूर्वक मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार 10 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी अपर जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

## मिढ़ली में आदर्श ग्राम की बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मप्र जन अभियान परिषद की विकासखंड करेली के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 बरमान के चयनित आदर्श ग्राम मिढ़ली में बुधवार को आदर्श ग्राम के महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आदर्श ग्राम के लिए प्राथमिकता से किए जाने वाले विभिन्न कार्य जैसे नशा मुक्ति, विवाद मुक्ति, सामाजिक समरसता, संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र, जल संरक्षण, पौधारोपण और सामुदायिक सहभागिता से पर्यावरण एवं जल संरक्षण व संवर्धन के लिए खंती निर्माण- कंटूर ट्रेंच एवं कैटल केनाल आदि महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर उनके संरक्षण एवं रखरखाव के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर जय नारायण शर्मा, नवांकुर संस्था नन्हीं झामर समन्वयक रघुनंदन लोधी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मिढ़ली के हर्षित साहू, भानु प्रताप लोधी, राजेश रजक, आशीष साहू, भगवत पटेल और ग्रामीणजन मौजूद थे।

## देवी भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ का समापन आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय पलोटनगंज शक्तिधाम दरबार परिसर में चल रही मां दुर्गा देवी भागवत कथा एवं शतचंडी यज्ञ में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ रहा है कथा पंडाल में संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर झूमते हुए नजर आ रहे हैं ।

पलोटनगंज में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित विंशाल धार्मिक कार्यक्रम में छठवें दिन की देवी भागवत कथा में कथावाचक पंडित दीनबंधुशरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन ने कहा शुंभ निशुंभ ने ब्रह्मा जी से वर प्राप्त किया, हम किसी भी देवता के द्वारा न मारे जाएं हमारी मृत्यु स्त्री के द्वारा हो। तभी जगदंबा मैया ने शुंभ निशुंभ, चंड मुंड रक्तबीज का उद्धार किया। दानव स्त्री शक्ति को कमजोर समझते थे, स्त्री को अबला मानते थे वह हमें क्या मारेगी, परंतु अंत में स्त्री शक्ति के द्वारा ही मारे गए। नारी को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। नारी ने ही नर को जन्म दिया है। अपने परिवार समाज की हर स्त्री का सम्मान करें, यह भी एक प्रकार से दवी आराधना है। क्योंकि कहा भी गया है जहां नारी का सम्मान होता है। वहरं देवता भी निवास करते हैं।

महाराज जी ने आगे कहा कि मां भगवती का स्वरूप अष्ट भुजाओं पर केन्द्रित है, जिसमें समस्त देवी देवताओं की शक्ति का स्वरूप समाहित है। देवी की साधना करने से मनुष्य को अपने जीवन की



सभी खुशियां वापस मिलती है तथा मनुष्य ऊर्जावान होकर जीवन में संचार करता है। उन्होंने शुम्भ-निशुम्भ की कथा का वर्णन किया। इसके अलावा माता कात्यायनी के रूप में शिव द्वारा इंद्र के राजसिंहासन को वापस लौटाने की कथा का भी वर्णन किया। उन्होंने असुरों के युद्ध के दौरान मां देवी भगवती के विराट तथा सुन्दर रूप का वर्णन करते हुए मनुष्य को संयम, संकोच, धार्मिक, आचरण, बोध, ज्ञानवान, करुणा भाव तथा मैत्री गुणों को धारण करने की शिक्षा दीक्षा दी।

इस मौके पर मां कात्यायनी के जीवन आरम्भ मनुष्य के कल्याण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य तथा देव मनुष्य तथा असुरों के कल्याण की कथा का भी प्रसंग सुनाया। इसके अलावा शक्तिधाम मंदिर के सामने भव्य यज्ञशाला में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। धर्मप्रेमी जन यज्ञशाला की परिक्रमा एवं देवी भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। शक्तिधाम परिवार द्वारा संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन एक मार्च से प्रारंभ हो चुका है जो आज सात मार्च तक चलेगा।

प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से छह तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर कथावाचक पंडित दीनबंधुशरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन द्वारा कथा प्रवचन हो रहे हैं। इसके अलावा शतचंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित भगवानदास शास्त्री इंदौर के सानिध्य में अनुष्ठान किया जा रहा है। शक्तिधाम परिसर में यज्ञ एवं देवी पुराण कथा श्रवण करने अपार भीड़ पहुंच रही है। कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है। शक्तिधाम परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से यज्ञ एवं देवी भागवत के आज अंतिम दिन के आयोजन में उपस्थित होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

## सिद्ध चक्र महाविधान का शुभारंभ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय चावड़ी वार्ड स्थित जैन मंदिर प्रांगण में सिद्ध चक्र महा विधान का शुभारंभ जैन मुनि श्री 108 आस्तिक सागर जी महाराज व मुनि श्री 108 प्रणीत सागर जी महाराज, आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य के सानिध्य में किया गया। चावड़ी वार्ड जैन मंदिर परिसर से घट यात्रा जुलूस निकला जो श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर व आदिनाथ जैन मंदिर पहुँचा वहा से श्री जी को लेकर वापस जैन मंदिर चावड़ी आया ।



घट यात्रा जुलूस में भारी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्तिथ थे। इसके पश्चात दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष जिनेश जैन परिवार द्वारा विधि विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया। मुनिद्वय के अवतरण दिवस के अवसर पर मुनि श्री ने संबोधित करते हुए कहा कि पुण्य वृद्धि के बहुत से कारणों में एक सर्वश्रेष्ठ कारण भक्ति का होता है। सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का आयोजन 6 मार्च को प्रारंभ हुआ जो 12 मार्च तक चलेगा । इस विधान के लिए पात्र चयन किया गया है, जिसमे सौधर्म इंद्र अनुज कुमार बॉम्बे इलेक्ट्रिकल्स परिवार, कुबेर सुखचंद जैन, महायज्ञ नायक संजीव डाक्टर रूबी जैन, श्रीपाल मैना सुंदरी- राजेश ज्योति आशा जैन शिक्षक परिवार, ईशान इंद्र मनीष सिंघई नेहा सिंघई, सानेत इंद्र अनुज अंजू जैन शिक्षक, माहेन्द्र इंद्र आलोक आरती जैन कल्पतरु परिवार एवं यज्ञ नायक के लिए मारुति प्रतिभा जैन स्पोर्ट्स परिवार चयन हुआ है । नगर में पहली बार 10 गंध कुटी के साथ श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ संपन्न होने जा रहा है ।

जैन समाज के अध्यक्ष जिनेश जैन सचिव राजेश जैन ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से इस कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है ।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

Sara Group of Institutions

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रवेश प्रारंभ

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883